अमर उजाला 23/09/2023

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में हुई कार्यशाला

छात्रा को सम्मानित करते कॉलेज के प्राचार्य। संस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रुति और हर्षिता को किया गया सम्मानित, रोजगार बढ़ाने के अवसरों पर हुई चर्चा

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने नंदी फाउंडेशन और महिंद्रा एंड महिंद्रा के सहयोग से अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए रोजगार वृद्धि पर कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें छात्राओं ने पीपीटी के माध्यम से अपने कौशल प्रस्तुत किए और सामान्य पोशाकों में उनकी उपस्थिति सराहना के लायक थी। इनमें से तीन श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं दिया, श्रुति व हर्षिता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में नैंसी उपस्थित रही।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह कार्यशाला छात्राओं के लिए अत्यंत लाभदायक रही। उन्होंने इस कार्यशाला को आयोजित करने के लिए प्लेसमेंट सेल की तथा विशेष रूप से डॉ. अनुपमा सिहाग की सराहना की। जिनके नेतृत्व में यह कार्यशाला आयोजित हुई।

उन्होंने विभिन्न सार्थक उदाहरण देकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यशाला प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. अनुपमा सिहाग, टीपीओ श्याम रहेजा, सचिव डॉ रवनीत कौर सहित प्लेसमेंट सेल के सभी सदस्यों के समर्पित प्रयासों से आयोजित की गई। वहीं वाणिज्य विभाग ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल के सहयोग से